Chapter- 3

# शब्द संरचना

## STUDY NOTES

- **वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।**




- उत्पत्ति के आधार पर ाब्द चार प्रकार के होते हैं।

  (i) तत्सम शब्द (ii) तदभव शब्द (iii) देशज शब्द (iv) विदेशज शब्द

- बनावट के आधार पर तीन प्रकार के शब्द हैं।

  (i) रूढ़ शब्द (ii) यौगिक शब्द (iii) योगरूढ़ शब्द

- प्रयोग के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं।

  (i) विकारी शब्द (ii) अविकारी शब्द

- तत्सम शब्द- ये शब्द संस्कृत भाषा से हिंदी भाषा में जैसे है वैसे ही प्रयोग होते हैं।

  उदाहरण- हस्त, सूर्य, अग्नि आदि

- तद्भव शब्द- ये शब्द संस्कृत शब्दों के रूप में कुछ बदलाव के बाद हिंदी में प्रयोग होते हैं।

  उदाहरण- हाथ, रात, सूरज, आग आदि

- देशज शब्द- देशज शब्द भारत के विभिन्न भाषाओं से हिंदी में आए शब्द होते हैं।

  उदाहरण- लड़का, पगड़ी, जूता, पैसा आदि

- विदेशी शब्द- दूसरे देशों की भाषाओं से हिंदी भाषा में आए शब्दों को विदेशज या विदेशी शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- स्टेशन, डॉक्टर, सब्जी, आदमी, अमीर, तौलिया, कमरा आदि

- रूढ़ शब्द- जिन शब्दों के टुकड़े नहीं किए जा सकते और टुकड़े करें तो इनका कोई अर्थ नहीं निकलता उन्हे रूढ़ शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- गुलाब, घोड़ा, घर आदि

- यौगिक शब्द- दों शब्दों को जोड़ने से बनने वाले सार्थक शब्द को यौगिक शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- रसोईघर, धर्मशाला, विद्यालय, देवदूत आदि

- योगरूढ़ शब्द- दो या अधिक शब्दों को जोड़ने से बनने वाले शब्द किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं तो उन्हे योगरूढ़ शब्द कहते हैं।
  उदाहरण- नील + कंठ = कीलकंठ (नीला है कंठ जिनका अर्थात् शिव)
  पंक + ज = पंकज (पंक से जात अर्थात् कमल)

- विकारी शब्द- जो शब्द लिंग, वचन, काल के कारण परिवर्तन होते हैं।
  उदाहरण- संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया शब्द

- अविकारी शब्द- जो शब्द कभी भी, किसी भी परिस्थिति में भी बदलते नहीं है। इन्हे अव्यय भी कहते हैं।
  उदाहरण- क्रियाविशेषण, संबंध बोधक, समुच्चबोधक, तथा विस्मयादिबोधक आदि।

**आइए, अब लिखें**

१. निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए।

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द | तत्सम शब्द | तद्भव शब्द |
|---|---|---|---|
| क) घोटक | घोड़ा | च) सर्प | साँप |
| ख) अश्रु | आँसू | छ) पत्र | पत्ता |
| ग) मयूर | मोर | ज) घृत | घी |
| घ) घट | घड़ा | झ) ओष्ठ | ओंठ |
| ङ) कर्ण | कान | ञ) उष्ट्र | ऊँट |

२. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम, तद्भव और विदेशी शब्द छाँटकर लिखिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टिकट | पेन | घी | ग्राम | हस्ति | ट्रेन | जीभ | आँख | भ्राता |

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द | विदेशी शब्द |
|---|---|---|
| ग्राम | घी | ट्रेन |
| हस्ति | जीभ | टिकट |
| भ्राता | आँख | पेन |

३. निम्नलिखित शब्दों को मिलाकर यौगिक शब्द बनाइए।

क) पुस्तक + आलय = पुस्तकालय

ख) शीश + महल = शीशमहल

ग) देव + दूत = देवदूत

घ) देश + भक्ति = देशभक्ति

ङ) रसोई + घर = रसोईघर

च) राष्ट्र + पति = राष्ट्रपति

घ) देश + भक्ति = देशभक्ति

४. रूढ़ तथा योगरूढ़ शब्द अलग-अलग करके लिखिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कमल | नीलकंठ | पंखा | पुस्तक |
| लंबोदर | हाथी | पंकज | दशानन |

| रूढ़ शब्द | योगरूढ़ |
|---|---|
| कमल | नीलकंठ |
| हाथी | पंकज |
| पुस्तक | लंबोदर |
| पंखा | दशानन |

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow